**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली**
*****

**नागर विमानन मंत्रालय में 02 युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए आवेदन का आमंत्रित किया जाना।**

नागर विमानन मंत्रालय ने एयर कार्गो सेक्टर में अनुसंधान, डेटा विश्लेषण और नीति निर्माण से संबंधित कार्य के लिए दो (02) युवा पेशेवरों (वाईपी) को नियुक्त करने का प्रस्ताव किया है। अपेक्षित योग्यता, विशेषज्ञता और निर्धारित अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थी को युवा पेशेवर के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

2. पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड, संदर्भ की शर्तों (टीओआर) आदि सहित विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.civilaviation.gov.in. पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख **21.01.2026 सांय 5.00 बजे** तक है। निर्धारित तारीख और समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

श्री विजय कुमार मिश्र
उप निदेशक
नागर विमानन मंत्रालय
'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,
नई दिल्ली-110003

सं. ए-12023/5/2025-ईआर अनुभाग-एमओसीए

**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**(ईआर प्रभाग)**
********

"बी" ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,
सफदर जंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली - 110003
दिनांक: 23.12.2025

**परिपत्र**

विषय: नागर विमानन मंत्रालय में दो (02) युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए आवेदनों आमंत्रित करने के संबंध में।

नागर विमानन मंत्रालय एअर कार्गो क्षेत्र में अनुसंधान, डेटा विश्लेषण और नीति निर्माण से संबंधित विशिष्ट और समयबद्ध कार्य करने के लिए ईआर प्रभाग हेतु दो (02) युवा पेशेवरों (वाईपी) को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखता है। ये पेशेवर एअर कार्गो एवं लॉजिस्टिक्स ढांचे में प्रमुख मुद्दों पर अनुसंधान करेंगे, व्यापक रिपोर्ट तैयार करेंगे और एअर कार्गो क्षेत्र में रणनीतिक पहलों, नीतियों के विकास एवं कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करेंगे। चयनित उम्मीदवार अनुसंधान, डेटा विश्लेषण और नीति निर्माण में आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। निर्धारित अपेक्षित अर्हता, विशेषज्ञता और अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को युवा पेशेवर के रूप में कार्य पर रखा जाएगा।

किसी भी पूछताछ के मामले में, आवेदक केवल ईमेल ersec.moca@nic.in के माध्यम से प्रेषिती के साथ संपर्क कर सकते हैं। टेलीफोन कॉल या संचार के किसी अन्य माध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञापन का विवरण इस प्रकार है:-

I. **कार्य की आवश्यकता: अनुबंध-I** में विस्तृत संदर्भ शर्तों (टीओआर) के अनुसार।

II. **अर्हता और आयु सीमा**: युवा पेशेवर की श्रेणी के लिए योग्यता और आयु सीमा नीचे तालिका में दी गई है:

| **युवा पेशेवर की श्रेणी** | **पदों की संख्या** | **अर्हता** | **आयु** |
|---|---|---|---|
| अर्थशास्त्र/वित्त/प्रबंधन | 02 | • किसी भी विषय [अर्थशास्त्र, लॉजिस्टिक्स, सांख्यिकी, व्यवसाय प्रशासन (एमबीए) अथवा कंप्यूटर एप्लिकेशन (एमसीए)] में मास्टर डिग्री।<br>• बाजार अनुसंधान, डेटा विश्लेषण, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, या अनुसंधान और नीति, विशेष रूप से विमानन क्षेत्र और संबंधित क्षेत्रों में पीएसयू, सरकारी निकाय, विश्वविद्यालय या प्रतिष्ठित कंपनी/फर्म/अनुसंधान संगठन में न्यूनतम 2 वर्ष का पूर्व कार्य अनुभव। | 35 वर्ष से अधिक नहीं |

III. **वांछनीय**: उम्मीदवार निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने का अनुभव रखता हो:

1. विमानन क्षेत्र में व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए नवीनतम अनुसंधान, तकनीकों और व्यावसायिक ज्ञान का प्रयोग करना।
2. अनुसंधान, डेटा विश्लेषण और नीति निर्माण के क्षेत्रों में डेटा का विश्लेषण करने के लिए मौजूदा गणितीय, सांख्यिकीय, आर्थिक या वित्तीय मॉडल विकसित करना और/या लागू करना।
3. नीति निर्माण और/या कार्यान्वयन के लिए डेटा की व्याख्या करना और संक्षिप्त रिपोर्ट/निष्कर्ष तैयार करना।

IV. **छुट्टी:** युवा पेशेवर (वाईपी), 1 वर्ष की पूर्ण अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर 12 दिनों के अवकाश हेतु पात्र होंगे। युवा पेशेवर को स्वीकार्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अनुपभुक्त अवकाश को न तो अगले वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जाएगा और न ही भुनाया जाएगा।

V. **यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता:** कार्यभार ग्रहण करने पर या कार्यभार पूरा होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। युवा पेशेवरों को कोई अन्य सुविधाएँ जैसे दैनिक भत्ता, आवास, दूरभाष(फ़ोन)/वाहन/परिवहन के लिए प्रतिपूर्ति, विदेश यात्रा, निजी स्टाफ, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सीजीएचएस आदि देय नहीं होंगी।

VI. **नियुक्ति का प्रकार:** नियुक्ति सम्पूर्ण रूप से अनुबंध आधार पर होगी।

VII. **अनुबंध अवधि:** व्यक्तिगत युवा पेशेवर (वाईपी) को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे नागर विमानन मंत्रालय की आवश्यकता, स्पष्ट रूप से परिभाषित प्रमुख कार्यनिष्पादन संकेतकों पर आधारित संतोषजनक वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा युवा पेशेवर (वाईपी) की आवश्यकता की समग्र स्थिति और संबंधित बजट शीर्ष में धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक बार में एक वर्ष (नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित अधिकतम अवधि के अध्यधीन) के लिए बढ़ाया जा सकता है। किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का अग्रिम नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

VIII. **अधिकतम कार्यकाल:** वाईपी का अधिकतम निरंतर कार्यकाल, अधिकतम तीन वर्ष (1+1+1) होगा जो नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित कारकों के अध्यधीन होगा।

IX. **अधिकतम कार्यकाल से आगे समय-विस्तार:** असाधारण परिस्थितियों में ऊपर उल्लिखित अधिकतम कार्यकाल से आगे 1 वर्ष के लिए समय-विस्तार पर विचार किया जा सकता है।

X. **पारिश्रमिक भुगतान की शर्तें:** युवा पेशेवर की नियुक्ति के लिए पारिश्रमिक ₹54,000/- प्रति माह (सर्वसमावेशी) होंगी।

XI. **वार्षिक वेतन वृद्धि:** संतोषजनक निष्पादन के अधीन समेकित पारिश्रमिक का 6% तक।

XII. **मूल्यांकन का आधार:** आवेदनों की जांच मंत्रालय द्वारा अपेक्षित और वांछनीय योग्यता और व्यक्तियों के पिछले कार्य अनुभव के आधार पर की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए गठित परामर्श मूल्यांकन समिति जीएफआर, 2017 के प्रावधानों के अनुपालन में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के साथ व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित कर सकती है।

XIII. **आवेदन जमा करने के लिए दिशानिर्देश**: निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन दिनांक **21/01/2026** को सायं **05.00** बजे या उससे पहले उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उपर्युक्त समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

XIV. **विभाग अपने निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित रखता है**: इस विज्ञापन को रद्द करने का निर्णय लेना, तथा इस मामले में आगे न बढ़ना, किसी भी स्तर पर किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई स्पष्टीकरण दिए स्वीकार या अस्वीकार करना।

XV. **नोट**: युवा पेशेवरों का चयन सामान्य वित्तीय नियम 2017, परामर्श और अन्य सेवाओं के लिए खरीद मैनुअल 2017, भारत सरकार के मौजूदा संचार और नागर विमानन मंत्रालय के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय के दिनांक 14/10/2022 और 04/04/2024 के कार्यालय ज्ञापन में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

2. इच्छुक आवेदक नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन पत्र भरकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र का एक डमी/नमूना **अनुलग्नक-II** में संलग्न है। इसके अलावा, **अनुलग्नक-III** के अनुसार विधिवत भरे गए आवेदन पत्र की एक स्कैन की गई प्रति आवेदन पत्र जमा करते समय अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपलोड की जानी आवश्यक है।

लिंक:

**https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfgZKX8JdzPG6ZilbgbovZeYPRu7egQa0Alsc Y9l0w6r2CRlg/viewform?usp=dialog**

Soumya 23/12/25

(सौम्या बुद्धिराजा)
सहायक निदेशक

मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु एनआईसी सेल।

सौम्या बुद्धिराजा / SOUMYA BUDHIRAJA
सहायक निदेशक / Assistant Director
भारत सरकार / Government of India
नागर विमानन मंत्रालय / Ministry of Civil Aviation
राजीव गाँधी भवन / Rajiv Gandhi Bhawan
नई दिल्ली-110003 / New Delhi-110003

अनुलग्नक – I

**नागर विमानन मंत्रालय के ईआर प्रभाग में 'युवा पेशेवरों' की नियुक्ति के लिए संदर्भ शर्तें**

'युवा पेशेवरों' की सेवा का उपयोग निम्नलिखित कार्यों को करने में किया जाएगा:

1. वृहत रिपोर्ट तैयार करना और एयर कार्गो क्षेत्र में रणनीतिक पहलों के विकास और कार्यान्वियन में सहायता करना। यह सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी कि भारत में नागर विमानन की प्रगति में योगदान देते हुए मंत्रालय, नवाचार और दक्षता में सबसे आगे रहे।

2. एनटीएफएपी, एएफएस, एयर कार्गो कम्युनिटी सिस्टम (एसीसीएस), ट्रांसशिपमेंट और अन्य संबंधित कार्यक्रमों जैसे एयर कार्गो क्षेत्र में की गई पहलों के विश्लेषण, अनुसंधान और डेटा विश्लेषण में आवश्यक सहायता प्रदान करना।

3. मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और सुविधा उपायों को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालयों और विभागों के साथ समन्वय करना।

4. विश्लेषणात्मक रिपोर्ट, नीति सारांश और डेटा-आधारित सिफारिशें तैयार करना; और कार्गो से संबंधित योजनाओं, परियोजनाओं और अंतर-मंत्रालयी पहलों के डिजाइन, कार्यान्वियन और निगरानी का समर्थन करना।

5. प्रभाव मूल्यांकन और अन्य अध्ययन का आयोजन – पायलट, विशेष और नवाचारी हस्तक्षेप।

6. विमानन और सहायक क्षेत्रों के विविध क्षेत्रों में परियोजनाओं में सहायता करना और भारत में विभिन्न विमानन उप-क्षेत्रों में नीतिगत हस्तक्षेपों और वैश्विक विकास के प्रभाव का अध्ययन करना।

7. साहित्य समीक्षा, डेटा संग्रह, डेटा विश्लेषण, प्रस्तुतियों को तैयार करने और ब्रीफ लिखने सहित अनुसंधान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं में सहायता करना। विमानन क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से अनुसंधान विचारों को विकसित करने के अवसर होंगे।

8. विमानन क्षेत्र या इसके उप-क्षेत्रों पर स्थिति पत्र और पावर प्वाइंट प्रस्तुतियां तैयार करना, वर्तमान स्नैपशॉट और भावी दृष्टिकोण प्रदान करना। ये अन्य बातों के साथ-साथ, विमानन क्षेत्र से संबंधित डेटा का विस्तृत विश्लेषण और डेटा के आधार पर रिपोर्ट लिखने, मॉडलिंग और पूर्वानुमान का कार्य करना।

9. बैठकों का एजेंडा और कार्यवृत्त तैयार करना। सूचना, स्पष्टीकरण, अनुमोदन आदि के लिए मंत्रालय, राज्य सरकारों, उद्योग आदि में हितधारकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।

10. दैनिक कार्यालय पत्राचार, अभिलेखों का रखरखाव, रिपोर्टें तैयार करना, डेटा संकलन और इसका विश्लेषण तथा अन्य सहायक कार्यों को करना।

11. कोई अन्य कार्य जो नागर विमानन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर सौंपा जाए।

यह एक पूर्णकालिक कार्यभार है। युवा पेशेवरों को राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली के परिसर में कार्यालय स्थान/उपकरण की आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नागर विमानन मंत्रालय का कार्यालय समय लागू होगा।

…….

अनुलग्नक -II

# Application Form for recruitment of Young Professional in the ER Division, Ministry of Civil Aviation, New Delhi

Name *

First and Last name

ABC DEF

Father's Name *

XYZ

Date of Birth *

MM DD YYYY

01 / 01 / 2000

Age in years (as on 17.01.2026) *

26

Email *

abc@gmail.com

Phone number *

999*******

Domicile *

Delhi

Nationality *

Indian

Details of Education Qualifications

Format: Subject/Course, Institute/School/College/University, Year of Passing, Percentage (Division)

Matriculation (10th) *

Science, NVS Delhi, 2017, 90% (division first)

Intermediate(12th) *

PCM with computer, NVS Delhi, 2019, 90% (division first)

Graduation *

B.Sc Mathematics, IIT Delhi, 2022, 9.2 CGPA (division first)

Post Graduation *

1. M.Sc Mathematics, IIT Delhi, 2024, 9.2 CGPA (division first)

Details of Work Experience

S.No, Organization/Institute, Designation, Period from-to, Nature of Work (Chronologically from Current to Previous)

Details of Work Experience *

1. Company1, Manager, 02.02.2022-till present, Administration work
2. Company2, Assistant Manager, 01.02.2020-31.01.2022, Administration work
3. Company3, Executive, **.**.2018- **.**.2020

Duration of Work Experience in MM.YY (as on 17.01.2026) *

11.04

References (Preferably two)

Sr. No., Name, Designation and Company, Address, Phone, Email ID

References (Preferably two) *

1 abc,Senior Manager,xyz,new delhi,97********,abc@gmail.com
2 xyz, Consultant,Pqr,Noida,99********,xyz@gmail.com

Uploading of Documents

A single merged document containing the following in same order:

***Document 1: (i) Application form at provided at Annexure III & (ii) Single pager Resume***
***Document 2:. Education Qualification Certificates (from Post Graduation to Matriculation)***
***Document 3: Work Experience Certificates (from Current to Previous)***
***Document 4: Any additional document, if any.***

Document 1: Application Form (Annexure III) & Resume *

DOC090625-090...

Add file

Document 2: Education Qualification *

lu862 - Riya Cha...

Add file

Document 3: Work Experience *

Riya Chauhan- R...

Add file

Document 4: Any additional document, if any.

Add file

**अनुबंध- III**

## नागर विमानन मंत्रालय में युवा पेशेवरों की भर्ती के लिए आवेदन का प्रारूप

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फ़ोटो लगाएँ

1. नाम:
2. पिता का नाम:
3. जन्म तिथि:
4. निवास स्थान:
5. राष्ट्रीयता:
6. डाक संबंधी जानकारी:

| डाक / वर्तमान पता | स्थायी पता | फ़ोन / मोबाइल | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|
| | | | |

7. शैक्षणिक योग्यता:

| क्र.सं | अवधि | विषय | विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण होने का वर्ष | डिवीजन / श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

8. कार्य अनुभव:

| क्र.सं | संगठन / संस्थान | अवधि<br>तिथि से- तिथि तक | कार्य की प्रकृति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

9. वांछनीय योग्यता, अगर कोई हो: (*स्कैन की हुई कॉपी संलग्न करें*)

10. रेफरेंस (नाम, पता, फोन, ईमेल आईडी दें):

| क्र.सं | नाम | पता | फ़ोन / मोबाइल | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|
| (i) | | | | |
| (ii) | | | | |

11. कार्य और अनुभव, कार्य की प्रकृति, आदि के संबंध में अतिरिक्त का ब्यौरा अलग से संलग्न करें।

स्थान :

तारीख :

उम्मीदवार के हस्ताक्षर